भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 845
दिनांक 23 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए

अलग हुई/तलाकशुदा महिलाएं

845. श्री हाजी फजलुर रहमान :

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सरकार ने देश में अलग हुई/तलाकशुदा महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए कोई योजना शुरू की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या देश में अलग हुई/तलाकशुदा महिलाओं की संख्या में वृद्धि हुई है; और
(घ) यदि हां, तो गत दो वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में अलग हुई/तलाकशुदा महिलाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) और (ख) : भारत सरकार ने तलाकशुदा तथा अलग हो चुकी महिलाओं सहित सभी महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने के लिए विभिन्न कानून बनाए हैं, जैसे कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, अपराध प्रक्रिया संहिता 1973, विवाह एवं तलाक से संबंधित कानून आदि। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तलाकशुदा या अलग हो चुकी महिलाओं सहित सभी महिलाओं के हितों की रक्षा करने के लिए वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन का सर्वसुलभीकरण, स्वाधार गृह आदि जैसी योजनाएं चलाता है।

(ग) और (घ) : आयु एवं लिंग के अनुसार वैवाहिक स्थिति पर डेटा जनगणना के समय एकत्र किया जाता है, जो हर दस साल बाद संचालित किया जाता है। इसलिए पिछले दो वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में अलग हो चुकी या तलाकशुदा महिलाओं से संबंधित आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। तथापि भारत के महापंजीयक के कार्यालय द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार जनगणना 2001 और 2011 के लिए आयु एवं लिंग के अनुसार वैवाहिक स्थिति पर डेटा निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है :

जनगणना 2011 के लिए, यह डेटा https://censusindia.gov.in/2011census/C-series/c-2/DDW-0000C-02-fer3-MDDS.xlsx पर उपलब्ध है।

जनगणना 2001 के लिए, यह डेटा इस प्रकार उपलब्ध है :
https://censusindia.gov.in/DigitalLibrar/TablesSeries2001 पर जाएं, फिर सामाजिक एवं सांस्कृतिक तालिका (सी सीरिज) पर जाएं, फिर सी1 से सी10 सेलेक्ट करें और फिर सी2 सेलेक्ट करें और भारत/राज्य के लिए ड्राफ्ट डाउन में डाउनलोड करने के लिए इंडिया सेलेक्ट करें।

****